# रोजगार का भी बड़ा जरिया बनेगी मेडिकल और फार्मा इंडस्ट्री

- जीबीसी 4.0 के तहत कई बड़े प्रोजेक्ट की रखी गई है आधारशिला
- 18 हजार लोगों को रोजगार के अवसर हो सकते हैं उपलब्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत मेडिकल और फार्मा इंडस्ट्री में रखी गई आधारशिला प्रदेश के लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार का जरिया भी बनेगी। मेडिकल यूनिवर्सिटी, मेडिकल कालेज, हास्पिटल्स, मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल्स, नर्सिंग, पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट और फार्मा मैन्युफैक्चरिंग में होने वाला निवेश 18 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराएगा।

प्रदेश में मेडिकल यूनिवर्सिटी और मेडिकल कालेज खोलने में बड़ी संख्या में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। इसके तहत 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होने जा रहा है, इससे 10 हजार से अधिक रोजगार सृजित होने का अनुमान लगाया गया है। प्रदेश में बड़ी संख्या में हास्पिटल्स और मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल्स की भी शुरुआत होने जा रही है।

हास्पिटल्स के लिए 575 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है जिससे करीब 650 लोगों के रोजगार सृजन का आकलन किया गया है। वहीं, मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल्स के तहत दो हजार करोड़ रुपये के कई बड़े प्रोजेक्ट जमीन पर उतर रहे हैं, इससे करीब पांच हजार लोगों के लिए नौकरियां सृजित हो सकेंगी। फार्मा पार्क और बल्क ड्रग पार्क के लिए भी दो बड़े ग्रुप करीब 350 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं। यूपी में नर्सिंग और पैरामेडिकल की बढ़ी डिमांड को देखते हुए कई कंपनियां करीब 450 करोड़ का निवेश कर रहीं हैं, इससे एक हजार के करीब नौकरियां सृजित होंगी।

## हास्पिटल्स और मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल्स में रोजगार

| हास्पिटल्स | स्थान | प्रस्तावित निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|
| सत्य मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल | बस्ती | 50 करोड़ | 200 |
| एचडीएफसी बैंक (कैंसर हास्पिटल) | फिरोजाबाद | 50 करोड़ | 50 |
| जीएसएस हास्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट | मैनपुरी | 50 करोड़ | 250 |
| श्री साईं हास्पिटल | मऊ | 50 करोड़ | 30 |
| एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट | मीरजापुर | 325 करोड़ | 50 |
| वंशा देवी चैरिटेबल हास्पिटल | प्रतापगढ़ | 50 करोड़ | 100 |
| श्री रामसहाय सिंह शांति सिंह मेमोरियल ट्रस्ट | बस्ती | 50 करोड़ | 200 |
| चिन्मय हास्पिटल | भदोही | 50 करोड़ | 100 |
| यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हास्पिटल | गाजियाबाद | 800 करोड़ | 4500 |

## फार्मा मैन्युफैक्चरिंग व नर्सिंग-पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में रोजगार

| फार्मा मैन्युफैक्चरिंग | स्थान | प्रस्तावित निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|
| एनी ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री | कुशीनगर | 150 करोड़ | 200 |
| रेस्या फार्मा प्रा. लि. | रायबरेली | 184 करोड़ | 140 |
| लाइफ लाइन एजुकेशन इंस्टीट्यूट | आजमगढ़ | 50 करोड़ | 150 |
| एनके हास्पिटल पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कालेज | मैनपुरी | 52 करोड़ | 60 |
| बाबू संत बक्स शिवमूर्ति सिंह शिक्षण संस्थान | प्रतापगढ़ | 50 करोड़ | 50 |
| श्री प्रेम कुमार शुक्ला फार्मास्युटिकल साइंस | श्रावस्ती | 100 करोड़ | 160 |
| चंद्रावती ग्रुप आफ कालेज | सिद्धार्थनगर | 30 करोड़ | 400 |
| डा एएम इस्लामिया बीएससी नर्सिंग कालेज | देवरिया | 50 करोड़ | --- |
| डा. एस एस कालेज आफ फार्मेसी | जौनपुर | 100 करोड़ | --- |

## मेडिकल यूनिवर्सिटी व कालेज से 10 हजार को मिलेगा रोजगार

| यूनिवर्सिटी/कालेज | स्थान | प्रस्तावित निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|
| बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट | बाराबंकी | 200 करोड़ | 350 |
| श्री बाबू सिंह दद्दू जी एजुकेशनल ट्रस्ट | फर्रुखाबाद | 105 करोड़ | 500 |
| जीएस यूनिवर्सिटी | हापुड़ | 500 करोड़ | दो हजार |
| सार्स ट्रस्ट | हाथरस | 200 करोड़ | 400 |
| प्रभात एजुकेशन ट्रस्ट | कानपुर देहात | 200 करोड़ | 600 |
| नारायणा ग्रुप | कानपुर नगर | 625 करोड़ | 1500 |
| श्री रमेश चंद्र फाउंडेशन | कौशांबी | 50 करोड़ | 35 |
| शांति फाउंडेशन | महाराजगंज | 300 करोड़ | 1000 |
| राजीव सामाजिक सहचर सेवा संस्थान | मऊ | 200 करोड़ | 1500 |
| श्री सिद्धि विनायक ट्रस्ट | संभल | 156 करोड़ | 1000 |
| अमन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट | संत कबीर नगर | 350 करोड़ | 1200 |
| ज्ञानचेतना एजुकेशनल सोसायटी | शामली | 300 करोड़ | 1200 |
| श्री राज रूप मेमोरियल फाउंडेशन | श्रावस्ती | 115 करोड़ | 60 |

**यह और उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें**